संलग्नक - 1

# विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद की प्रथम बैठक दिनांक 24.12.2002 का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय प्रबन्ध परिषद की प्रथम बैठक दिनांक 24.12.2002 को प्रातः 10.00 बजे भारतीय गन्ना अनुसंधान निदेशालय ,लखनऊ के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई ।

प्रबन्ध परिषद की बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डा0 पी0 पी0 सिंह ,कुलपति, | अध्यक्ष |
| 2 | डा0 नसीम जैदी , सचिव कृषि ,उत्तर प्रदेश शासन | सदस्य |
| 3 | श्री आर0 पी0 सिंह, संयुक्त सचिव; वित्त उत्तर प्रदेश शासन | सदस्य |
| 4 | श्री एस0आर मिश्रा , निदेशक, भारतीय गन्ना अनुसंधान केन्द्र ,लखनऊ | सदस्य |
| 5 | श्री विजारत अली, | सदस्य |
| 6 | श्रीमती शाहीन खॉ, | सदस्य |
| 7 | श्री ठा0 भगवान सिंह, | सदस्य |
| 8 | श्री कल्याण सिंह, वित्त नियन्त्रक | सचिव |

**मद संख्या : 1** **माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों का स्वागत ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा आभार प्रकट किया गया ।

**मद संख्या : 2** **विश्वविद्यालय के गठन पर सक्षिंप्त विवरण ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया गया कि आगरा मण्डल कों सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ,मेरठ के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत लाने हेतु शासन से प्रयास ( Persue) किया जाय तथा कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर से स्थानान्तरित सम्पत्तियों का व्यौरा एक स्थाई पंजिका में अंकित कर लिया जाय ।

**मद संख्या : 3** **विश्वविद्यालय की भौतिक एंव वित्तीय प्रगतिः**

प्रस्ताव इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि उत्तर प्रदेश निर्माण निगम द्वारा बन्द कार्यो को तुरन्त पूर्ण कराने हेतु शासन से त्वरित निर्णय लिये जाने हेतु प्रयास किये जाय तथा ईन्जीनियरिगं प्रौजेक्टस ईन्डिया लिमिटेड का कृषि महाविद्यालय के निर्माण का कार्य

निदेशक
Director
भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
Indian Institute of Sugarcane Research
लखनऊ
LUCKNOW

( राजेन्द्र ... सिंह )
विशेष सचिव, वित्त
उ० प्र० शासन।

समाप्ति पर होने के कारण उक्त संस्था को और कार्य भी दिलाने हेतु शासन से शीघ्र प्रयास किये जाय ।

विश्वविद्यालय के कार्यो को सुचारू रूप से सम्पादन हेतु 7 नये वाहनों के क्रय की भी स्वीकृति प्रदान की गयी ।

निमार्ण कार्यो के साथ–साथ विश्वविद्यालय के सभी कार्यो की भौतिक प्रगति प्रस्तरवार भविष्य में एक ही मद संख्या में दर्शाई जायं ।

**मद संख्या : 4** **विश्वविद्यालय के अन्य कार्यकलापो पर टिप्पणी**

प्रस्ताव इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि प्रत्येक विभाग से सम्बन्धित रिपोर्ट पर आख्या प्रस्तुत करने वाले विभागाध्यक्ष का भी उल्लेख किया जाय ।

**मद संख्या : 5** **विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद के सम्बन्ध में**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**मद संख्या : 6** **2002–2003 के पुनरीक्षित आय व्यय एवं 2003–2004 के प्रस्तावित आय व्यय पर अनुमोदन।**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया । भविष्य में बजट सम्बन्धी प्रस्ताव विश्वविद्यालय की वित्त समिति गठन करने के बाद ही प्रबन्ध परिषद में लायें जायें ।

**मद संख्या : 7** **शासन द्वारा सृजित 61 पदो के सम्बन्ध में**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**मद संख्या : 8** **विश्वविद्यालय में शासन द्वारा स्वीकृत शिक्षणेत्तर पदों को भरे जाने के संबंध में ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**मद संख्या : 9** **शैक्षिक वर्ष 2003–2004 मे विश्वविद्यालय के प्रवेश के संबंध में ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया गया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रस्तावित 12 विभागों के अतिरिक्त तेरहवॉ विभाग होम साइन्स में भी प्रवेश किया जाय तथा आवश्यक शैक्षणिक पद शासन से सृजित करा लियें जाय ।

निदेशक
Director
...ीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
...n Institute of Sugarcane Research
लखनऊ
LUCKNOW

( राजेश्वर प्रसाद सिंह )
विशेष सचिव, वित्त
उ० प्र० शासन ।

**मद संख्या : 10** **विश्वविद्यालय सम्पत्तियों के रख रखाव हेतु तकनीकी पदों के सृजन के सम्बन्ध में ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**मद संख्या : 11** **कुलपति जी हेतु रू0 2.00 लाख के गुप्त फण्ड का प्राविधान किये जाने के सम्बन्ध में**

रू0 50.00 हजार के गुप्त फण्ड का प्राविधान किये जाने हेतु माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा सहमति दी गयी है ।

**मद संख्या : 12** **विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों को विभागाध्यक्ष का कार्य सौंपने के संबंध में ।**

प्रस्ताव के साथ संलग्न कार्यालय आदेश में तत्काल संशोधन करते हुए अपाइन्टेड(Appointed) शब्द की जगह विभाग का कार्य देखने के आदेश किये जायें तथा प्राध्यापक स्तर के नीचे के अध्यापकों / वैज्ञानिकों को विभागाध्यक्ष का पदभार बिल्कुल न दिया जाय । विश्वविद्यालय में उपलब्ध 4 प्राध्यापकों को प्रस्तावित 12 विभागों को बराबर रूप से बटवारा कर विभागाध्यक्ष नामित किया जाय ।

**मद संख्या : 13** **विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों/वैज्ञानिकों को अपने पद के अतिरिक्त कार्य दायित्व दिये जाने के संदर्भ में ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया गया कि कुलसचिव का पद वेतनमान रू0 16400–22400 में उच्चीकृत किये जाने हेतु शासन से तुरन्त अनुरोध किया जाय तथा कुल सचिव के पद को यथा सम्भव प्रतिनियुक्ति से भरा जाय ।

**मद संख्या: 14** **विश्वविद्यालय मे विभिन्न शैक्षणिक पदों की अर्हताओं के सम्बन्ध में ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**मद संख्या : 15** **शैक्षणिक पदों के भरे जाने हेतु विज्ञप्ति के संबंध मे ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन इस शर्त के साथ किया गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आरक्षण नीति के अनुरूप ही पद भरें जाय ।

निदेशक
Director
भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
Indian Institute of Sugarcane Research

( राजेश्वर प्रसाद सिंह )
विशेष सचिव, वित्त
उ० प्र० शासन ।

F. C

**मद संख्या : 16** **पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा हस्तान्तरित 55 रिक्त पदों के भरे जाने के सम्बन्ध में ।**

प्रस्ताव में निम्नानुसार संशोधन करते हुए अनुमोदन किया गया ।

| क्रं0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | प्रबन्ध परिषद द्वारा स्वीकृत पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त निदेशक /प्राध्यापक | 16400–22400 | 2 |
| 2 | सह प्राध्यापक/ सह निदेशक / वरिष्ठ शोध अधिकारी | 12000–18300 | 6 |
| 3 | सहायक प्राध्यापक/ कनिष्ठ शोध अधिकारी | 8000–13500 | 10 |
| 4 | लेखाधिकारी | 8000–13500 | 1 |
| 5 | प्रयोगशाला सहायक | 4000–6000 | 1 |
| 6 | वाहन चालक | 3050–4590 | 1 |
| 7 | जीप चालक | 3050–4590 | 1 |
| 8 | स्टोर कीपर | 3050–4590 | 1 |
| 9 | परिचारक | 2550–3200 | 1 |

कुल 24 पद स्वीकृत किये गये ।

शेष पदों हेतु समुचित एवं विस्तृत प्रस्ताव अगली प्रबन्ध परिषद के बैठक में लाया जाय तथा सुरक्षा चौकीदार प्राईवेट एजेन्सी से लियें जाय।

**मद संख्या : 17** **कैरियर एडवान्समेंट योजना को लागू करने के संबंध में।**

प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक रूप से सहमति दी गयी किन्तु विस्तृत प्रस्ताव लाभाविन्त होने वालें वैज्ञानिकों /शिक्षकों के नाम एवं व्ययभार सहित अगली प्रबन्ध परिषद की बैठक में रखा जाय ।

( राजेश्वर प्रसाद सिंह )
विशेष सचिव, वित्त
उ० प्र० शासन ।

निदेशक
Director
भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
Indian Institute of Sugarcane Research
LUCKNOW

**मद संख्या : 18** विश्वविद्यालय में कार्यरत चार मास्टर लिस्टेड श्रमिकों के संबंध में।

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**मद संख्या : 19** **विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर कार्यरत कर्मचारियों के लिए राज्य कर्मचारियों के भॉति समयमान / वेतनमान की स्वीकृति के सम्बन्ध में ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

**मद संख्या : 20** **डिस्टेन्ट एजुकेशन के माध्यम से पाठ्‌यक्रम चलाये जाने के सम्बन्ध में ।**

प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा कुलपति को डिस्टेंट एजुकेशन पाठ्यक्रम चलाने के लिए अधिकृत किया गया । कुलपति जी की अध्यक्षता में समिति गठित कर इसका विवरण प्रबन्ध परिषद की अगली बैठक में सूचनार्थ भेजा जाय ।

**मद संख्या : 21 (अ)** विश्वविद्यालय हेतु अतिथिगृह किराये पर लिये जाने के संबंध में।

शासनादेश द्वारा प्रतिबन्धित होने के कारण प्रस्ताव अनुमोदित नहीं किया गया ।

अन्त में सचिव द्वारा समस्त माननीय सदस्यों को धन्यबाद ज्ञापित किया गया ।

3/01/2003

**(कल्याण सिंह)**
सचिव प्रबन्ध परिषद

**अनुमोदनार्थ**

3/01/2003

**(अध्यक्ष प्रबन्ध परिषद )**

15.1.03

( राजेश्वर प्रसाद सिंह )
विशेष सचिव, वित्त
उ० प्र० शासन ।

निदेशक
Director
भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
Indian Institute of Sugarcane Research
लखनऊ
LUCKNOW